भारत सरकार

रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय

औषध विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1811

दिनांक 06 मार्च, 2020 को उत्तर दिए जाने के लिए

प्रधान मंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के अंतर्गत औषधि केन्द्रों को बेहतर मुनाफा मार्जिन

1811. श्री के. सी. रामामूर्ति:

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री दिनांक 12 जुलाई 2019 को राज्य सभा में तारांकित प्रश्न संख्या 212 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कर्नाटक के विशेष संदर्भ सहित प्रधान मंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना केन्द्रों (पी.एम.बी.जे.पी.) में उपलब्ध दवाइयों, शल्य चिकित्सीय और उपभोज्य वस्तुओं की राज्य-वार औसत संख्या कितनी-कितनी है;

(ख) दवाइयों और शल्य चिकित्सीय वस्तुओं पर इन केन्द्रों को दिए गए मुनाफे का ब्यौरा क्या है;

(ग) एक माह में पी.एम.बी.जे.पी. केन्द्रों से दवाइयां खरीदने वाले लोगों की औसत संख्या कितनी है;

(घ) कर्नाटक के विशेष संदर्भ सहित प्रत्येक पीएमबीजेपी औषधि केन्द्र का राज्य-वार औसत कारोबार कितना है; और

(ङ) जैसा कि पी.एम.बी.जे.पी के अंतर्गत औषधि केन्द्र द्वारा मुनाफा बढ़ाने का अनुरोध किया गया है सरकार द्वारा इन भंडारों को बेहतर मुनाफा मार्जिन उपलब्ध कराने के लिए क्या प्रयास किए जा रहे हैं?

उत्तर

रसायन एवं उर्वरक मंत्री (श्री डी.वी. सदानंद गौड़ा)

(क): प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) की उत्पाद बॉस्केट में 900 से अधिक दवाइयां और 154 सर्जिकल शामिल हैं। वर्तमान में, 722 औषधियां और 78 सर्जिकल जन औषधि केंद्रों पर बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। कर्नाटक के संदर्भ में, उपर्युक्त सभी दवाइयां बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। जन औषधि केंद्रों के मालिकों द्वारा दिए गए ऑर्डर के अनुसार, केंद्रीय और क्षेत्रीय गोदामों से जन औषधि केंद्रों को दवाइयों की आपूर्ति की जाती है।

(ख): पीएमबीजेपी के अंतर्गत जन औषधि केंद्रों को दवाइयों और सर्जिकल के अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) पर 20% मार्जिन प्रदान किया जाता है।

(ग): एक महीने में लगभग 1 से 1.25 करोड़ लोग औसतन जन औषधि केंद्रों से दवाइयां खरीद रहे हैं।

(घ): प्रति माह प्रति दुकान की औसत बिक्री 55,000/- रुपये (लगभग) है। कर्नाटक के संदर्भ में, प्रति माह प्रति दुकान की औसत बिक्री 1.20 लाख रुपये (लगभग) है।

(ङ): पीएमबीजेपी केन्द्रों के लिए मार्जिन बढ़ाने संबंधी कोई प्रस्ताव नहीं है। तथापि, केन्द्रों की बिक्री बढ़ाने और उन्हें व्यवहार्य बनाने के लिए पीएमबीजेपी की उत्पाद बॉस्केट में विभिन्न प्रकार के बिना पर्ची के (ओवर द काउन्टर) (ओटीसी) उत्पाद जैसे जन औषधि सुविधा सैनिटरी नैपकिन, जन औषधि उर्जा (ग्लूकोज पावर), जन औषधि मधुरक (लो स्वीटनर), जन पुदीना कैप्सूल, प्रदूषण नियंत्रक मास्क और कई और वस्तुओं को शामिल किया गया है।

*****